क्रम-संख्या–160

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, सोमवार, 29 सितम्बर, 2025

आश्विन 7, 1947 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग

संख्या 2605 / 86-2025 (86–01099 / 250 / 2023)

लखनऊ, 29 सितम्बर, 2025

अधिसूचना

सा0प0नि0–58

साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् 1897) की धारा 21 के साथ पठित खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 (अधिनियम संख्या–67 सन् 1957) की धारा–9ख की उपधारा (3) और धारा 15 एवं 15क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास नियमावली, 2017 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2025

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1–(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2025 कही जायेगी।

(2) यह सरकारी गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम–2 का संशोधन

2–उत्तर प्रदेश जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली, 2017 (जिसे आगे ''उक्त नियमावली'' कहा गया है) में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम–2 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात :–

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
2 (1) परिभाषाएः- जब तक सन्दर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में,– (क) 'अधिनियम का तात्पर्य समय-समय पर यथा संशोधित खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 से है; (ख) 'प्रभावित क्षेत्र' का तात्पर्य ऐसे किसी क्षेत्र से है जहॉ खनन संक्रियां की जा रही हो या जारी हो; (ग) 'प्रभावित व्यक्ति' का तात्पर्य ऐसे किसी व्यक्ति से है जिसे खनन से सम्बन्धित क्रियाकलाप द्वारा व्यक्तिगत रूप से क्षति होती है या जिसकी सम्पत्ति का नुकसान होता है; (घ) 'निधि' का तात्पर्य न्यास की निधि से है; (ङ) 'सरकार का तात्पर्य' उत्तर प्रदेश सरकार से है; (च) 'परिहार धारकों' का तात्पर्य अधिनियम अथवा उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के उपबन्धों के अधीन स्वीकृत खनन पट्टा, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन अनुज्ञा–पत्र के धारक से है; (छ) 'खनिज और उप खनिज' का तात्पर्य ऐसे खनिजों से है, जो अधिनियम की धारा–3 में परिभाषित हैं; (ज) नियमावली, 1963 का तात्पर्य उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली, 1963 से है; (झ) 'अनुसूची' का तात्पर्य अधिनियम की अनुसूची–8 से है; (ञ) 'न्यास का तात्पर्य सरकारी अधिसूचना संख्या–489/86–2017–132/ 2016, दिनांक 25 अप्रैल, 2017 में परिभाषित जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास से है; (ट) 'न्यास विलेख' का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा न्यासियों के पक्ष में निष्पादित विलेख से है; (ठ) 'न्यासी/न्यासीगण' का तात्पर्य न्यास को शासित करने के प्रयोजनार्थ राज्य सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति/व्यक्तियों से है।	2 (1) परिभाषाएः- जब तक सन्दर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में,– (क) 'अधिनियम' का तात्पर्य समय-समय पर यथा संशोधित खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 से है; (ख) प्रभावित क्षेत्र का तात्पर्य प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र व अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र जैसा कि नियम 2क और 2ख में विनिर्दिष्ट हो। (ग) 'प्रभावित लोग' में प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्ति सम्मिलित होंगे जैसा कि नियम 2ग में विनिर्दिष्ट हो। (घ) 'निधि' का तात्पर्य न्यास की निधि से है; (ङ) 'सरकार' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश सरकार से है; (च) 'परिहार धारकों' का तात्पर्य अधिनियम अथवा उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के उपबन्धों के अधीन स्वीकृत खनन पट्टा, पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति या खनन अनुज्ञा–पत्र के धारक से है; (छ) 'खनिज और उप खनिज' का तात्पर्य ऐसे खनिजों से है, जो अधिनियम की धारा–3 में परिभाषित हैं; (ज) नियमावली, 2021 का तात्पर्य उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2021 से है; (झ) 'अनुसूची' का तात्पर्य अधिनियम की अनुसूची से है; (ञ) 'न्यास' का तात्पर्य सरकारी अधिसूचना संख्या 489/86–2017–132/2016, दिनांक 25 अप्रैल, 2017 में अधिसूचित जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास से है; (ट) 'न्यास विलेख' का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा न्यासियों के पक्ष में निष्पादित विलेख से है; (ठ) 'न्यासी/न्यासीगण' का तात्पर्य न्यास को शासित करने के प्रयोजनार्थ राज्य सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति/व्यक्तियों से है।
(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों एवं पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम व नियम 1963 में उनके लिये क्रमशः समनुदेशित है।	(2) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित शब्दों एवं पदों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम व नियमावली 2021 में उनके लिये क्रमशः समनुदेशित है।

नियम 2क, 2ख और 2ग का बढ़ाया जाना

3–उक्त नियमावली में नियम 2 के पश्चात निम्नलिखित नये नियम 2क, 2ख, और 2ग बढ़ा दिए जाएंगे, अर्थात :–

2क–(1) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र निम्नलिखित होगा–

प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र

क– ग्राम और ग्राम पंचायतें या शहरी स्थानीय निकाय (यू0एल0बी0) जिनके भीतर खाने अवस्थित हैं और प्रचालनरत हैं। ऐसे खनन क्षेत्र जिले के भीतर पड़ोसी गांव/कस्बे/ब्लॉक तक विस्तृत हो सकते हैं।

ख– किसी खान या खान समूह से राज्य सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट परिधि में आने वाला क्षेत्र।

परन्तु यह कि प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र, खनिज की खान की सीमा से 15 किमी से अधिक विस्तृत नहीं होगा।

ग– जिन गांवो/वार्डों में खानों से विस्थापित हुए परिवारों को परियोजना प्राधिकारियों द्वारा पुनः बसाया/पुनर्वासित किया गया हो।

घ– जो गांव/वार्ड अपनी आर्थिक जरूरतों की पूर्ति करने के लिये विशेष रूप से खनन क्षेत्रों पर निर्भर हैं और उनके पास चारागाह, लघु वनोपज संग्रहण आदि जैसे परियोजना क्षेत्रों पर उपभोज और परम्परागत अधिकार हो।

(2) जिला खनिज फाउन्डेशन (डी0एम0एफ0) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र की अद्यतन सूची तैयार करेगा और अनुरक्षण करेगा।

2ख–(1) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र निम्नलिखित होगा–

अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र

(क)–वे क्षेत्र जहाँ खनिजों के खनन सम्बन्धी कार्यों से आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय परिणामों के कारण स्थानीय आबादी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है। खनन के प्रमुख नकारात्मक प्रभाव जल, मिट्टी और वायु की गुणवत्ता में

गिरावट, धारा प्रवाह में कमी और भूजल की कमी, खनन कार्यों में भीड़ और प्रदूषण, खनिजों के ढुलाई, विद्यमान अवसंरचना और संसाधनों पर बढ़े हुये भार के रूप में हो सकते हैं।

(ख)– प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र से परे और किसी खान या खानों के समूह से ऐसे परिधि के भीतर का क्षेत्र, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, किन्तु खनिज की खानों की सीमा से 25 किमी से अधिक नहीं हो।

(2) जिला खनिज फाउण्डेशन (डी0एम0एफ0) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों की एक अद्यतन सूची तैयार करेगा और उसका अनुरक्षण करेगा।

2ग–(1) 'प्रभावित लोग' में निम्नलिखित सम्मिलित होंगेः–

प्रभावित लोग

प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित व्यक्ति जो निम्नानुसार होंगे :

(एक) भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या– 30 सन् 2013) की धारा 3 (ग) के अधीन यथा परिभाषित 'प्रभावित परिवार'

(दो) भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 सन् 2013) की धारा 3 (ट) के अधीन यथा परिभाषित 'विस्थापित परिवार'

(तीन) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में सम्बन्धित ग्राम सभा/शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) द्वारा उचित रूप से यथा अभिचिन्हित कोई अन्य लोग।

(ख) खनन से प्रभावित व्यक्ति जिनके पास खनन की जा रही भूमि पर वैधानिक, व्यावसायिक अधिकार हो, उपभोग और पारम्परिक अधिकार वाले लोग, और वे लोग जिनकी आजीविका खनन के कारण प्रभावित हुई हो।

(2) यथासंभव प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्र में ग्राम सभा/शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) के स्थानीय/निर्वाचित प्रतिनिधियों के परामर्श से प्रभावित परिवारों की पहचान किया जाएगा।

(3) जिला खनिज फाडेशन (डी एम एफ) ऐसे प्रभावित व्यक्तियों/स्थानीय समुदायों की एक अद्यतन सूची तैयार करेगा और उसका अनुरक्षण करेगा। सूची को प्रत्येक 05 वर्ष में कम से कम एक बार अद्यतन करने के लिए दोबारा तैयार किया जाएगा।

नियम 4 का संशोधन

4—उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ—एक में दिये गये विद्यमान नियम—4 के स्थान पर स्तम्भ—दो में दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ—एक (विद्यमान नियम)	**स्तम्भ—दो** (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
4— न्यास का गठन एवं प्रबन्ध निम्नानुसार होगाः—	4—न्यास की संरचना और प्रबन्धन न्यास की संरचना और प्रबन्धन निम्नानुसार होगाः—
(1) न्यास में एक शासी परिषद एवं एक प्रबन्ध समिति होगी।	(1) न्यास में एक शासी परिषद एवं एक प्रबन्ध समिति होगी;
(2) न्यास का प्रबन्ध करने का प्राधिकार शासी परिषद् में निहित होगा।	(2) न्यास का प्रबन्ध करने का प्राधिकार शासी परिषद् में निहित होगा;
(3) शासी परिषद में निम्नलिखित होंगेः—	(3) शासी परिषद में निम्नलिखित होंगे:-
(क) जिलाधिकारी/कलेक्टर अध्यक्ष	(क) जिलाधिकारी/कलेक्टर — अध्यक्ष
(ख) प्रभागीय वन अधिकारी सदस्य	(ख) प्रभागीय वन अधिकारी — पदेन सदस्य
(ग) मुख्य चिकित्सा अधिकारी सदस्य	(ग) मुख्य चिकित्सा अधिकारी — पदेन सदस्य
(घ) अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग सदस्य	(घ) अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग — पदेन सदस्य
(ङ) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सदस्य	(ङ) जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी — पदेन सदस्य
(च) जिला पंचायत राज अधिकारी सदस्य	(च) जिला पंचायत राज अधिकारी —पदेन सदस्य
(छ) जिला खनन अधिकारी सचिव/सचिव	(छ) जिला खनन अधिकारी — पदेन सदस्य/सचिव
(ज) जिला अधिकारी द्वारा यथा नाम निर्दिष्ट दो खनन पट्टा धारक सदस्य	(ज) जिला अधिकारी द्वारा यथा नाम निर्दिष्ट दो खनन पट्टा धारक— गैर सरकारी सदस्य
(झ) खनिज का उपयोग करने वाली संस्था यदि कोई हो का प्रतिनिधि सदस्य	(झ) खनिज का उपयोग करने वाली संस्था यदि कोई हो, का प्रतिनिधि— गैर सरकारी सदस्य
(ञ) जिलाधिकारी द्वारा यथा नाम निर्दिष्ट सीधे तौर से प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिनिधि सदस्य	(ञ) जिलाधिकारी द्वारा यथा नाम निर्दिष्ट प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिनिधि— गैर सरकारी सदस्य
(ट) (एक) जिले का लोक सभा में संसद सदस्य (एम0पी0) सदस्य	(ट) (एक) किसी जिले में लोक सभा में संसद का सदस्य (सांसद) होने की स्थिति में, सांसद, शासी परिषद का सदस्य होगा। यदि किसी जिले में एक से अधिक लोक सभा सांसद हों तो वह सभी सांसद, जिनके निर्वाचन क्षेत्र में खनन प्रभावित क्षेत्र हो, शासी परिषद के सदस्य होंगे।
यदि किसी जिले में एक से अधिक लोक सभा के संसद सदस्य (एम0पी0) हों तो उक्त जिला के लोक सभा के ऐसे समस्त संसद सदस्य शासी परिषद् के सदस्य होंगे।	यदि एक लोक सभा सांसद का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिले में आता हो तो सांसद ऐसे सभी जिलों की शासी परिषद् का सदस्य होगा/होगी जहां खनन प्रभावित क्षेत्र उनके निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा हो।
यदि लोक सभा के संसद सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिले में आता हो तो ऐसे लोक सभा के संसद सदस्य ऐसे समस्त जिलों के शासी परिषद् के सदस्य होंगे।	

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(दो) राज्य से स्वयं द्वारा चयनित एक जिले का राज्य सभा संसद सदस्य राज्य सभा के सदस्य को संसद स्वयं द्वारा चयनित जिले का नाम, राज्य के खनन विभाग के प्रभारी सचिव को सूचित करना होगा, जो सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट को तत्सम्बन्ध में सूचित करेगा।	(दो) राज्य से, राज्य सभा सांसद स्वयं द्वारा चयनित एक जिले की शासी परिषद का सदस्य होगा/होगी। राज्यसभा सांसद स्वयं द्वारा चयनित जिले का नाम, राज्य के खनन विभाग के प्रभारी सचिव को सूचित करना होगा, जो बाद में सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट को तत्सम्बन्ध में सूचित करेगा।
(तीन) जिला का विधान सभा– सदस्य	(तीन) जिले के विधान सभा सदस्य (विधायक) जिनके निर्वाचन क्षेत्र में खनन प्रभावित क्षेत्र हो, शासी परिषद का सदस्य होंगे।
(चार) राज्य का स्वयं द्वारा चयनित एक जिले का विधान परिषद सदस्य– सदस्य विधान परिषद सदस्य (एम0एल0सी0) अपने द्वारा चयनित जिला का नाम राज्य के खनन विभाग के प्रभारी सचिव को सम्बन्धित जिला सूचित करेगा, जो जिला मजिस्ट्रेट को तत्सम्बंध में सूचित करेगा।	(चार) राज्य विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) स्वयं द्वारा चयनित एक जिले के शासी परिषद के सदस्य होंगे। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) स्वयं द्वारा चयनित जिले का नाम राज्य के खनन विभाग के प्रभारी सचिव को सूचित करेगा जो सम्बन्धित जिला मजिस्ट्रेट को तत्सम्बंध में सूचित करेगा।
(4) गैर सरकारी सदस्य का कार्यकाल 03 वर्ष का होगा।	(4) गैर सरकारी सदस्य का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।
(5) कोई सरकारी सदस्य तब पद धारण करने से प्रविरत हो जायेगा, जब वह सरकारी पद धारण करने से प्रविरत हो जायेगा/ जायेगी।	(5) पदेन सदस्य तब पद धारण करने से प्रविरत हो जायेगा, जब वह सरकारी पद धारण करने से प्रविरत हो जायेगा/जायेगी।
(6) न्यास की दिन प्रतिदिन की कार्य प्रणाली प्रबन्ध समिति में निहित होगी :–	(6) न्यास की दिन प्रतिदिन की कार्य प्रणाली प्रबन्ध समिति में निहित होगी:–
(7) (क) प्रबन्ध समिति में निम्नलिखित होंगे:- (एक) जिलाधिकारी/कलेक्टर – अध्यक्ष (दो) अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) – सदस्य (तीन) जिलाधिकारी द्वारा नाम निर्दिष्ट कोई एक उपजिलाधिकारी सदस्य (चार) जिला खनन अधिकारी सदस्य/सचिव	(7) (क) प्रबन्ध समिति में निम्नलिखित होंगे:- (एक) जिलाधिकारी/कलेक्टर – अध्यक्ष (दो) अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) – पदेन सदस्य (तीन) जिलाधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट कोई एक उपजिलाधिकारी – पदेन सदस्य (चार) जिला खनन अधिकारी – पदेन सदस्य/सचिव
(ख) प्रबन्ध समिति का कोई सरकारी सदस्य, सदस्य का पद धारण करने से प्रविरत हो जायेगा जब वह सरकारी पद धारण करने से प्रविरत होगा/होगी।	(8) प्रबन्ध समिति का कोई सरकारी सदस्य, सदस्य का पद धारण करने से प्रविरत हो जायेगा जब वह सरकारी पद धारण करने से प्रविरत होगा/होगी।

नियम 6 का संशोधन

5–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम 6 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
6– शासी परिषद् की शक्तियां एवं कृत्य–शासी परिषद् निम्नलिखित के लिये उत्तरदायी होगी :–	6– शासी परिषद् की शक्तियां एवं कृत्य–शासी परिषद् निम्नलिखित के लिये उत्तरदायी होगी–
(एक) न्यास की कार्यप्रणाली के लिये नीतिगत रूप रेखा तैयार करना और समय–समय पर उसकी कार्य पद्धति की समीक्षा करना,	(एक) न्यास की कार्यप्रणाली के लिये नीतिगत रूप रेखा तैयार करना और समय–समय पर उसकी कार्य पद्धति की समीक्षा करना,
(दो) न्यास की वार्षिक कार्य योजना और वार्षिक बजट तैयार किया जाना तथा अनुमोदित किया जाना।	(दो) न्यास की वार्षिक कार्य योजना और वार्षिक बजट तैयार किया जाना तथा अनुमोदित किया जाना।
शासी परिषद् द्वारा वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने से कम से कम एक माह पूर्व वार्षिक कार्य योजना तैयार कर अनुमोदित की जायेगी। वार्षिक कार्य योजना में तत्सम्बन्धी प्रायोगिक उपबन्धों सहित योजनाओं और परियोजनाओं की सूची अन्तर्विष्ट होगी:	शासी परिषद् द्वारा वित्तीय वर्ष प्रारम्भ होने से कम से कम एक माह पूर्व वार्षिक कार्य योजना तैयार कर अनुमोदित की जायेगी। वार्षिक कार्य योजना में तत्सम्बन्धी प्रायोगिक उपबन्धों सहित योजनाओं और परियोजनाओं की सूची अन्तर्विष्ट होगी। पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना जिला खनिज फाउण्डेशन (डी0एम0एफ0) की शासी परिषद द्वारा तैयार और अनुमोदित की जायेगी और डी0एम0एफ0 की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी:
प्रतिबन्ध यह है कि यदि किसी भी कारण से शासी परिषद् वार्षिक कार्य योजना बजट विनिर्दिष्ट समय के भीतर तैयार कर अनुमोदित नहीं करती हैं तो अध्यक्ष और को न्यास की वार्षिक कार्य योजना तथा बजट तैयार करने और तद्विमित्त कारण अभिलिखित करते हुये उसे अनुमोदित करने की शक्ति होगी। इस प्रकार तैयार किया गया बजट शासी परिषद् द्वारा सम्यक् रूप में तैयार किया गया एवं अनुमोदित किया गया समझा जायेगा:	परन्तु यह कि यदि किसी भी कारण से शासी परिषद् वार्षिक कार्य योजना, पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना तथा बजट विनिर्दिष्ट समय के भीतर तैयार कर अनुमोदित नहीं करती हैं तो अध्यक्ष को न्यास की वार्षिक कार्य योजना व पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना तथा बजट तैयार करने और तद्रिमित्त कारण अभिलिखित करते हुये उसे अनुमोदित करने की शक्ति होगी। इस प्रकार तैयार किया गया बजट शासी परिषद द्वारा सम्यक् रूप में तैयार किया गया एवं अनुमोदित किया गया समझा जायेगा:
प्रतिबन्ध यह भी है कि अगले वित्तीय वर्ष के लिये वार्षिक योजना तैयार करते समय पूर्व प्रतिबद्धता और उससे उत्पन्न होने वाली देनदारियों के कुल योग का निर्धारण किया जायेगा। वित्तीय अनुशासन बनाये रखने एवं परियोजना को समय से पूरा करने के लिये पूर्व देनदारियों और प्रतिबद्धताओं और प्रस्तावित की जा रही नई योजनाओं का कुल योग, किसी भी दशा में अगले वित्तीय वर्ष के लिये न्यास में पायी गयी प्रत्याशित अन्तर्प्रवाहों के तीन गुना से अधिक नहीं होगा।	परन्तु यह कि अगले वित्तीय वर्ष के लिये वार्षिक योजना तैयार करते समय पूर्व प्रतिबद्धता और उससे उत्पन्न होने वाली देनदारियों के कुल योग का निर्धारण किया जायेगा। वित्तीय अनुशासन बनाये रखने एवं परियोजना को समय से पूरा करने के लिये पूर्व देनदारियों और प्रतिबद्धताओं और प्रस्तावित की जा रही नई योजनाओं का कुल योग, किसी भी दशा में अगले वित्तीय वर्ष के लिये न्यास में पायी गयी प्रत्याशित अन्तर्प्रवाहों के तीन गुना से अधिक नहीं होगा।
(तीन) उपलब्ध न्यास निधि से न्यास के उद्देश्यों को अग्रसारित करने में ऐसे अन्य व्यय का अनुमोदन करना जैसा कि राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाय,	(तीन) उपलब्ध न्यास निधि से न्यास के उद्देश्यों को अग्रसारित करने में ऐसे अन्य व्यय का अनुमोदन करना जैसा कि राज्य सरकार द्वारा विहित किया जाय,

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(चार) प्रबन्ध समिति की संस्तुतियों को अनुमोदित करना,	(चार) प्रबन्ध समिति की संस्तुतियों को अनुमोदित करना।
(पांच) पूर्ववर्ती वर्ष के समाप्त होने के 60 दिनों के भीतर न्यास के वार्षिक रिपोर्टों और सम्परीक्षित लेखाओं का अनुमोदन करना।	(पांच) पूर्ववर्ती वर्ष के समाप्त होने के 90 दिनों के भीतर न्यास के वार्षिक रिपोर्टों और सम्परीक्षित लेखाओं का अनुमोदन करना।

नियम–7 का संशोधन

6–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम 7 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
7– **शासी परिषद की बैठक–**	7– **शासी परिषद की बैठक–**
(एक) शासी परिषद प्रायः यथा आवश्यक बैठक करेगी किन्तु प्रत्येक त्रैमास में कम से कम एक बार बैठक करेगी।	(एक) शासी परिषद प्रायः यथा आवश्यक बैठक करेगी किन्तु प्रत्येक त्रैमास में कम से कम एक बार बैठक करेगी। शासी परिषद के बैठक की तिथि संसद सदस्यों, जो शासी परिषद का सदस्य होंगे, की सुविधा अनुसार निर्धारित की जायेगी।
(दो) शासी परिषद की बैठक का संचालन अध्यक्ष द्वारा यथा निर्दिष्ट रूप में की जायेगी।	(दो) शासी परिषद की बैठक का संचालन अध्यक्ष द्वारा यथा निर्दिष्ट रूप में की जायेगी।
(तीन) ऐसी बैठक के लिये गणपूर्ति शासी परिषद के कुल सदस्यों के एक तिहाई सदस्यों से होगी।	(तीन) ऐसी बैठक के लिये गणपूर्ति शासी परिषद के कुल सदस्यों के एक तिहाई सदस्यों से होगी।

नियम–9 का संशोधन

7– उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम 9 के स्थान पर स्तम्भ–दो दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
9–**प्रबन्धक समिति–**	9– **प्रबन्ध समिति की शक्तियों और कृत्य** **प्रबन्ध समिति–**
(एक) न्यास के हितों की रक्षा हेतु अपने कर्तव्यों के निष्पादन करने में सम्यक् रूप से तत्परतापूर्वक कार्य करेगी;	(एक) न्यास के हितों की रक्षा हेतु अपने कर्तव्यों के निष्पादन करने में सम्यक् रूप से तत्परतापूर्वक कार्य करेगी;
(दो) अधिनियम और तद्धीन बनायी गयी नियमावली के उपबन्धों तथा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा–निर्देशों के अनुसार सम्बन्धित खनन पट्टाधारकों से सामयिक अंश दान निधि संग्रह सुनिश्चित करेगी;	(दो) अधिनियम और तद्धीन बनायी गयी नियमावली के उपबन्धों तथा केन्द्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार सम्बन्धित खनन पट्टाधारकों से सामयिक अंश दान निधि संग्रह सुनिश्चित करेगी;
(तीन) न्यास के क्रिया–कलापों के लिये महायोजना दृष्टि अभिलेख तैयार करेगी;	(तीन) न्यास के क्रिया–कलापों के लिये महायोजना/दृष्टि अभिलेख तैयार करेगी;
(चार) प्रस्तावित योजनाओं और परियोजनाओं सहित न्यास की वार्षिक योजना और वार्षिक बजट की तैयारी में सहायता करेगी;	(चार) प्रस्तावित योजनाओं और परियोजनाओं सहित न्यास की वार्षिक योजना, पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना और वार्षिक बजट की तैयारी में सहायता करेगी;
(पाँच) वार्षिक योजना और अनुमोदित योजनाओं तथा परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करेगी और उनका निष्पादन सुनिश्चित करेगी।	(पाँच) वार्षिक योजना और अनुमोदित योजनाओं तथा पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना का पर्यवेक्षण करेगी और उनका निष्पादन सुनिश्चित करेगी।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(छः) परियोजनाओ को अनुमोदित करेगी तथा उक्त प्रयोजनार्थ न्यास निधि जारी करेगी तथा आहरित करेगी;	(छः) परियोजनाओं को अनुमोदित करेगी तथा उक्त प्रयोजनार्थ न्यास निधि जारी करेगी तथा आहरित करेगी;
(सात) न्यास निधि संचालित करेगी और उसमें तत्परतापूर्वक विनिधान करेगी तथा न्यास के नाम से खाता खोलेगी और ऐसे खातों तथा विनिधानों को संचालित करेगी;	(सात) न्यास निधि संचालित करेगी और उसमें तत्परतापूर्वक विनिधान करेगी तथा न्यास के नाम से खाता खोलेगी और ऐसे खातों तथा विनिधानों को संचालित करेगी;
(आठ) न्यास निधि की प्रगति और उसकी उपयोगिता का अनुश्रवण करेगी;	(आठ) न्यास निधि की प्रगति और उसकी उपयोगिता का अनुश्रवण करेगी;
(नौ) वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 60 दिन के भीतर शासी परिषद् के समक्ष उसके अनुमोदन हेतु वार्षिक प्रतिवेदन सहित सम्परीक्षित लेखा प्रस्तुत करेगी;	(नौ) वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 90 दिन के भीतर शासी परिषद् के समक्ष उसके अनुमोदन हेतु वार्षिक प्रतिवेदन सहित सम्परीक्षित लेखा प्रस्तुत करेगी;
(दस) ऐसे अन्य कार्य करेगी जो न्यास के सुगम कार्य संचालन तथा प्रबन्ध के लिये आवश्यक हो;	(दस) ऐसे अन्य कार्य करेगी जो न्यास के सुगम कार्य संचालन तथा प्रबन्ध के लिये आवश्यक हो;
(ग्यारह) न्यास की कार्य प्रणाली के लिये प्रक्रियाओं को विनियमित करेगी।	(ग्यारह) न्यास की कार्य प्रणाली के लिये प्रक्रियाओं को विनियमित करेगी।

नियम 11 का संशोधन

8–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम 11 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
11–**न्यास के निधि से व्यय–** न्यास निधि में उपलब्ध निधियों का उपयोग निम्नलिखित समस्त या किसी प्रयोजन के लिये किया जा सकेगाः– (एक) अनुमोदित प्रस्ताव पर व्यय। (दो) न्यास के प्रशासनिक व्यय पर 05 प्रतिशत ।	11–**न्यास के निधि से व्यय–** न्यास निधि में उपलब्ध निधियों का उपयोग निम्नलिखित समस्त या किसी प्रयोजन के लिये किया जा सकेगाः– (एक) नियम 17 में उल्लिखित, अनुमोदित कार्यों पर व्यय। (दो) न्यास की वार्षिक प्राप्ति का 05 प्रतिशत तक की धनराशि का उपयोग फाउंडेशन के प्रशासनिक, पर्यवेक्षी और ऊपरी लागतों पर व्यय किया जा सकता है।

नियम 12 का संशोधन

9–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–एक में दिये गये विद्यमान नियम 12 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
12–**न्यास के लेखा और सम्परीक्षा–** (1) न्यास के लेखा की सम्परीक्षा निदेशक भू-तत्व एवं खनिकर्म उत्तर प्रदेश द्वारा किसी अर्ह सम्परीक्षक के माध्यम से की जायेगी।	12–**न्यास के लेखा और सम्परीक्षा–** (1) प्रबन्ध समिति न्यास के मामलों का सत्य और निष्पक्ष चित्र प्रस्तुत करने के लिये न्यास निधि के सम्बन्ध में समुचित लेखापुस्तिका, दस्तावेज और अन्य अभिलेख अनुरक्षित करेगी या अनुरक्षित करायेगी,

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(2) न्यास को एक वार्षिक रिपोर्ट तथा संपरीक्षा अनुपालन रिपोर्ट निदेशक, भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0 के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।	(2) न्यास के लेखा की संपरीक्षा कम से कम एक वर्ष पूरा होने पर डी0एम0एफ0 द्वारा नियुक्त किसी अर्ह चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा की जायेगी, उसके बाद उसकी रिपोर्ट वार्षिक रिपोर्ट के साथ न्यास की वेबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी। (3) न्यास के चार्टर्ड एकाउण्टेंट की नियुक्ति, शासी परिषद् की बैठक में राज्य के महालेखाकार द्वारा अधिसूचित अनुमोदित संपरीक्षक सूची से न्यासियों द्वारा निबन्धन एवं शर्तों, जैसा कि न्यासियों द्वारा विनिश्चित किया जाय, पर की जायेगी। (4) चार्टर्ड एकाउण्टेंट को न्यासियों द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है। (5) न्यास को एक वार्षिक रिपोर्ट तथा संपरीक्षा अनुपालन रिपोर्ट निदेशक, भू-तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0 के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। (6) न्यास, इस नियमावली के नियम 9 (नौ) के अनुसार अपने अनुमोदन के दिनांक से एक माह के भीतर सरकार को वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षा प्रतिवेदन का अनुपालन प्रस्तुत करेगा तथा इसे न्यास की वेबसाइट पर डाला जायेगा। (7) न्यास के खातों की लेखा परीक्षा नियंत्रक एवं महालेखाकार परीक्षक, (सी0ए0जी0) द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य सरकार के परामर्श से की जा सकती है। (8) उपनियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के प्रतिकूल होते हुये भी राज्य सरकार किसी चार्टर्ड एकाउण्टेंट को नियुक्त कर सकती है अथवा महालेखापरीक्षक से किसी विशिष्ट वर्ष अथवा अवधि के लिये राज्य सरकार द्वारा विनिश्चित किये गये निबन्धनों और शर्तों पर लेखापरीक्षा हेतु अनुरोध कर सकती है। (9) न्यास, अनुमोदित बजट और अगले वित्तीय वर्ष के लिये योजनाओं और परियोजनाओं सहित वार्षिक योजना, जिला पंचायत, जिला प्रशासन और राज्य सरकार को उनके सम्बन्धित वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु अग्रसारित करेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
	(10) न्यास, अनुमोदित योजनाओं और परियोजनाओं के सम्बन्ध में त्रैमास की समाप्ति के 45 दिन के भीतर भौतिक एवं वित्तीय निबन्धनों में एक त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करेगा और इसे तत्पश्चात् तत्काल सम्बन्धित वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु जिला पंचायत और जिला प्रशासन को अग्रसारित करेगा।

नियम 16 का संशोधन

10–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ-एक में दिये गये विद्यमान नियम 16 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
16–न्यास की परिधि–	**16–न्यास की परिधि–**
(1) प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र योजना (प्र0ख0क्षे0यो0) और केन्द्र एवं राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन न्यास के लिये प्रोद्भूत होने वाली निधियों का प्रयोग करते हुये सम्बन्धित जिलों के न्यास द्वारा किया जायेगा। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र योजना तथा राज्य और केन्द्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का समय लक्ष्य निम्नानुसार हैः–	(1) प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (प्र0ख0क्षे0क0यो0) और केन्द्र एवं राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन न्यास के लिये प्रोद्भूत होने वाली निधियों का प्रयोग करते हुये सम्बन्धित जिलों के न्यास द्वारा किया जायेगा।
	(2) उक्त योजना तथा राज्य और केन्द्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का समग्र लक्ष्य निम्नानुसार है,–
(क) खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकास सम्बन्धी और कल्याणकारी परियोजनाओं/कार्यक्रम क्रियान्वित करना, परियोजनाओं और ऐसी परियोजना/कार्यक्रम राज्य और केन्द्र सरकार की विद्यमान में जारी योजनाओं/परियोजनाओं के लिये क्रियान्वित किये जायेंगे;	(क) खनन प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न विकास सम्बन्धी और कल्याणकारी परियोजनाओं/कार्यक्रमों को क्रियान्वित करना और ऐसी परियोजना/कार्यक्रम राज्य और केन्द्र सरकार की विद्यमान में जारी योजनाओं/परियोजनाओं के पूरक होंगे।
(ख) खनन वाले जिलों में लागों के पर्यावरण स्वास्थ्य और सामाजिक आर्थिक व्यवस्था पर खनन के दौरान या इसके पश्चात् पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को न्यून करना/उसमें कमी लाना; और	(ख) खनन वाले जिलों में लागों के पर्यावरण, स्वास्थ्य और सामाजिक आर्थिक व्यवस्था पर खनन के दौरान या इसके पश्चात् पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को न्यून करना/उसमें कमी लाना।
(ग) खनन क्षेत्रों में प्रभावित लोगों के लिये दीर्घ कालिक समपोषणीय जीविका सुनिश्चित करना।	(ग) खनन क्षेत्रों में प्रभावित लोगों के लिये दीर्घ कालिक समपोषणीय जीविका सुनिश्चित करना।
	(3) प्रदूषण भुगतान सिद्वान्त के अधीन किये जाने वाले कार्यकलापों को प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के अधीन नहीं किया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
	(4) डीएमएफ खनन प्रभावित क्षेत्रों में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने पर ध्यान केन्द्रित करेंगे। योजनाएं तैयार करते समय, डीएमएफ आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अधीन लक्ष्यों को प्राप्त करने को प्राथमिकता देंगे। (5) न्यास सुनिश्चित करेगा कि फण्ड के उपयोग की पुनरावृत्ति न हो।

नियम 17 का संशोधन

11–उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ-एक में दिये गये विद्यमान नियम 17 के स्थान पर स्तम्भ–दो में दिये गये नियम को रख दिया जायेगा।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
17–न्यास में उपलब्ध निधियों का उपयोग निम्नलिखित के लिये किया जायेगाः– (क) उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र कम से कम 60 प्रतिशत निधि का प्रयोग निम्नलिखित मदों में किया जायेगाः– (क) पेयजल आपूर्तिः केन्द्रीकृत निर्मलीकरण प्रणाली, जल उपचार संयंत्र, स्थायी/अस्थायी जल वितरण नेटवर्क, जिसमें पेयजल की आपूर्ति हेतु जल पाईप बिछाने की अच्छी सुविधा सम्मिलित है। (ख) पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय वहिःस्त्रोत उपचार संयंत्र, क्षेत्र में झरना, झील, तालाब, भूगर्भ जल और अन्य जलस्रोत के प्रदूषण की रोकथाम, खनन संक्रियाओं और भंडारणों से उत्पन्न वायु एवं धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय, खान जल निकासी प्रणाली, खान प्रदूषण निवारण तकनीकें, कार्यशील या निषिद्ध खानों के लिए उपाय, अन्य वायु, जल तथा भू–सतह प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, पर्यावरणीय सौहार्द एवं सम्पोषणीय खान विकास हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करना, तथा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिकोण से अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु तकनीकी अवसंरचनाओं के सृजन के कार्य अन्तर्गत आवश्यक उपकरण एवं कर्मचारी उपलब्ध कराना।	17–न्यास निधि का उपयोग,–न्यास में उपलब्ध निधियों का उपयोग निम्नलिखित के लिये किया जायेगाः– (i) उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र कम से कम 70 प्रतिशत निधि का उपयोग निम्नलिखित मदों में किया जायेगाः– (क) पेयजल आपूर्तिः केन्द्रीकृत निर्मलीकरण प्रणाली, जल उपचार संयंत्र, पेयजल के लिए स्टैंडअलोन सुविधाओं सहित स्थायी/अस्थायी जल वितरण नेटवर्क, पाइप जलापूर्ति प्रणाली की स्थापना; (ख) पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय वहिःस्त्रोत उपचार संयंत्र, क्षेत्र में झरना, झील, तालाब, भूगर्भ जल और अन्य जलस्रोत के प्रदूषण की रोकथाम, खनन संक्रियाओं और भंडारणों से उत्पन्न वायु एवं धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपाय, खान जल निकासी प्रणाली, खान प्रदूषण निवारण तकनीकें, कार्यशील या निषिद्ध खानों के लिए उपाय, अन्य वायु, जल तथा भू–सतह प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, पर्यावरणीय सौहार्द एवं सम्पोषणीय खान विकास हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करना, तथा पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिकोण से अवैध खनन/परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु तकनीकी अवसंरचनाओं के सृजन के कार्य के अन्तर्गत आवश्यक उपकरण एवं कर्मचारी उपलब्ध कराना। खनिज विशिष्ट प्रदूषकों और उनकी हानिकारक क्षमता की पहचान प्रतिष्ठित, शैक्षणिक संस्थानों/अनुसंधान संस्थानों को अन्तर्ग्रस्त करके की

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
	जा सकती है। निधि को खतरों की पहचान करने, वायु गुणवत्ता मानिटर एवं डिस्प्ले स्थापित करने और अनुसंधान की संस्तुतियों के कार्यान्वयन हेतु उपाय करने के लिये आवंटित किया जा सकता है।
(ग) स्वास्थ्य देखभाल प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिक/द्वितीयक/तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सृजन पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना के सृजन पर ही केवल जोर नही दिया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रभावी सुविधा उपलब्ध कराने के लिये अपेक्षित आवश्यक कर्मचारी, उपकरण और आपूर्तियों के उपबन्ध पर भी जोर दिया जाना चाहिये। उस सीमा तक स्थानीय निकायों, राज्य और केन्द्र सरकार के विद्यमान स्वास्थ्य देखभाल अवसरंचना के अनुरूप अनुपूरक प्रयास और कार्य किया जाना चाहिये। राष्ट्रीय खनिक स्वास्थ्य संस्थान में उपलब्ध विशेषज्ञ को भी खनन से सम्बन्धित बीमारी और रोगों की देखभाल करने के लिये आवश्यक विशेष अवसंरचना को अभिकल्पित करने के लिये ध्यानाकर्षित किया जा सकता है। सामूहिक स्वास्थ देखभाल बीमा योजना, खनन से प्रभावित व्यक्तियों के लिये क्रियान्वित की जा सकती है।	(ग) स्वास्थ्य देखभाल उन लोगों पर ध्यान अवश्य केन्द्रित किया जाना चाहिये जिनका स्वास्थ्य खनन के कारण प्रभावित होता है, प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिक/द्वितीयक/ तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के सृजन पर ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य देखभाल अवसंरचना के सृजन पर ही केवल जोर नहीं दिया जाना चाहिए, बल्कि ऐसी प्रभावी सुविधा उपलब्ध कराने के लिये अपेक्षित आवश्यक कर्मचारी (चिकित्सक/पैरामेडिकल/सहायक स्टाफ) उपकरण और आपूर्तियों के उपबन्ध पर भी जोर दिया जाना चाहिये। उस सीमा तक स्थानीय निकार्यों, राज्य और केन्द्र सरकार के विद्यमान स्वास्थ्य देखभाल अवसरंचना के अनुरूप अनुपूरक प्रयास और कार्य किया जाना चाहिये। राष्ट्रीय खनिक स्वास्थ्य संस्थान में उपलब्ध विशेषज्ञ को भी खनन से सम्बन्धित बीमारी और रोगों की देखभाल मोबाइल स्वास्थ्य देखभाल इकाईयों के लिये आवश्यक विशेष अवसंरचना को अभिकल्पित करने के लिये ध्यानाकर्षित किया जा सकता है। सामूहिक स्वास्थ देखभाल बीमा योजना, खनन से प्रभावित व्यक्तियों के लिये क्रियान्वित की जा सकती है।
(घ) शिक्षा–विद्यालय भवनों, अतिरिक्त शिक्षण कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कला और हस्तकला कक्ष, सामूहिक शौचालय का निर्माण, पेयजल उपबन्ध, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में छात्रों/अध्यापकों के लिये आवासीय छात्रावास, खेल अवसरंचना, व्यवसायिक प्रशिक्षण सुविधा, अध्यापकों एवं अन्य सहायक कर्मचारियों को कार्य में लगाया जाना, इंटरनेट के माध्यम से शिक्षण व्यवस्था, परिवहन सुविधाओं (बस/वैन/साईकिल/रिक्शा आदि) और पौष्टिकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों की व्यवस्था किया जाना।	(घ) शिक्षा–स्कूल/कॉलेज/व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान भवन, विद्यालय भवनों, अतिरिक्त शिक्षण कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कला और हस्तकला कक्ष, सामूहिक शौचालय का निर्माण, पेयजल उपबन्ध, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में छात्रों/अध्यापकों के लिये आवासीय छात्रावास, खेल अवसरंचना, व्यवसायिक प्रशिक्षण सुविधा, अध्यापकों एवं अन्य सहायक कर्मचारियों को कार्य में लगाया जाना, इंटरनेट के माध्यम से शिक्षण व्यवस्था, परिवहन सुविधाओं (बस/वैन/साईकिल/रिक्शा आदि) और पौष्टिकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों की व्यवस्था किया जाना। उच्च शिक्षा के सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने के लिये प्रभावित क्षेत्रों के छात्र एवं छात्राओं को वित्तीय सहायता।

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
(ङ) महिला एवं बाल कल्याण–मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, कुपोषण, किशोरावस्था तथा संक्रामक रोगों से सम्बन्धित समस्याओं का पता लगाने हेतु विशेष कार्यक्रम न्यास के अधीन किये जायेंगे।	(ङ) महिला एवं बाल कल्याण–मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, कुपोषण, किशोरावस्था तथा संक्रामक रोगों से सम्बन्धित समस्याओं का पता लगाने हेतु विशेष कार्यक्रम न्यास के अधीन किये जायेंगे।
(च) वयोवृद्ध एवं निःशक्त लोंगो के कल्याण–वयोवृद्ध एवं निःशक्त लोगों के कल्याण हेतु विशिष्ट कार्यक्रम	(च) वयोवृद्ध एवं निःशक्त लोंगों का कल्याण–वयोवृद्ध एवं निशक्त लोगों के कल्याण हेतु विशिष्ट कार्यक्रम तथा जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्रों (डीडीआरसी) को वित्तीय सहायता।
(छ) कौशल विकास–जीविका अवलम्ब एवं आय सृजन हेतु कौशल विकास और स्थानीय पात्र, व्यक्तियों के लिये आर्थिक गतिविधियों/परियोजनाओं/ योजनाओं में प्रशिक्षण व्यावसायिक/ कौशल विकास केन्द्र का विकास, स्वरोजगार योजनाएँ, स्वयं सहायता समूह अवलम्ब और ऐसे स्वरोजगार सम्बन्धी आर्थिक क्रिया–कलापों हेतु अगड़े और पिछडे लोगों के प्रति जुड़ाव का उपबन्ध सम्मिलित है।	(छ) कौशल विकास एवं आजीविका सृजन स्थानीय पात्र व्यक्तियों के लिए आजीविका अवलम्ब, आय सृजन और आर्थिक गतिविधियों हेतु कौशल विकास/परियोजनाओं/योजनाओं में प्रशिक्षण, व्यावसायिक/कौशल विकास केन्द्र का विकास, स्वरोजगार योजनाएँ, स्वयं सहायता समूहों को सहायता और ऐसे स्वरोजगार सम्बन्धी आर्थिक क्रिया–कलापों हेतु अग्र और पश्च जुड़ाव का उपबन्ध, प्रभावित लोगों और क्षेत्रों की कला और शिल्प, लघु वन उपज का संग्रह और प्रसंस्करण को सुधारने और दिखाने के लिए काम करता है।
(ज) स्वच्छता–अपशिष्ट का संग्रहण, परिवहन और निस्तारण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, जल निकाय और मल उपचार संयन्त्र का उपबन्ध, कीचड़ निस्तारण उपबन्ध और प्रशाधन तथा अन्य सम्बन्धित क्रियाकलापों से सम्बन्धित उपबन्ध ।	(ज) स्वच्छता–अपशिष्ट का संग्रहण, परिवहन और निस्तारण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई, जल निकाय और मल उपचार संयन्त्र का उपबन्ध, कीचड़ निस्तारण उपबन्ध और प्रशाधन तथा अन्य सम्बन्धित क्रियाकलापों से सम्बन्धित उपबन्ध।
(ख) अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र–40 प्रतिशत तक की निधि का उपयोग निम्नलिखित मदों में किया जायेगाः–	(झ) आवास–केन्द्र या राज्य परियोजनाओं के अधीन न आने वाले खनन प्रभावित लोगों के लिये पक्के आवास का उपबन्ध।
(क) भौतिक अवसरंचना–अपेक्षित भौतिक अवसंरचना सड़क, पुल, रेलमार्ग तथा जलमार्ग सम्बन्धी परियोजनाओं का उपबन्ध और अनुरक्षण।	(ञ) कृषि–कृषि, बागवानी और कृषि वानिकी से सम्बन्धित गतिविधियां/प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को सहायता, कृषक उत्पादन संगठनों (एफपीओ)/ सामूहिक/सहकारी समितियों को सहायता, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, कोल्ड स्टोरेज सहित भण्डारण, बाजार यार्ड आदि जैसी विपणन सुविधाएं, वृक्षारोपण, औषधीय जड़ी बूटियों के प्रसंस्करण हेतु सहायता;
(ख) सिंचाई सिंचाई के वैकल्पिक स्त्रोत को विकसित करना और उपयुक्त तथा विकसित सिंचाई तकनीकों को अंगीकृत करना।	

स्तम्भ–एक (विद्यमान नियम)	स्तम्भ–दो (एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम)
	(ट) पशुपालन पशुधन, मुर्गी पालन, सूअर पालन, मत्स्य पालन, चारा और चारे के विकास को बढ़ावा देना तथा पशुपालन किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), किसान सहकारी संगठन (एफसीओ) में नवाचार का समर्थन करना।
	(ii) अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र–30 प्रतिशत तक की निधि का उपयोग निम्नलिखित मदों में किया जायेगाः–
	(क) भौतिक अवसरंचना–अपेक्षित भौतिक अवसंरचना सड़क, पुल, रेलमार्ग तथा जलमार्ग सम्बन्धी परियोजनाओं का उपबन्ध और अनुरक्षण।
	(ख) सिंचाई चेक डैम और डायवर्जन वियर सहित सिंचाई के वैकल्पिक स्रोत का विकास करना और उपयुक्त तथा विकसित सिंचाई तकनीकों को अंगीकृत करना, ड्रिप सिंचाई सहित सूक्ष्म सिंचाई सुविधाओं के लिए सहायता बोरवेल और पंप ऊर्जाकरण के लिए सहायता।
(ग) ऊर्जा एवं जलविभाजक विकास ऊर्जा एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली के वैकल्पिक स्रोत का विकास, फलोद्यानों, एकीकृत कृषि और आर्थिक एवं जलागम पुनर्स्थापन का विकास।	(ग) ऊर्जा एवं वाटरशेड विकास वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत एवं वर्षा जल संचयन प्रणाली का विकास/फलोद्यानों, एकीकृत कृषि और आर्थिक एवं जलागम पुनर्स्थापन का विकास।
(घ) खनन वाले जिला में पर्यावरणीय गुणवत्ता में वृद्धि करने हेतु कोई अन्य उपाय–	(घ) खनन वाले जिला में पर्यावरणीय गुणवत्ता में वृद्धि करने हेतु कोई अन्य उपाय –
(एक) फाउन्डेशन के न्यासियों द्वारा उक्त प्रयोजन हेतु तैयार की गयी वार्षिक कार्य योजना के अनुसार जिलें में खनन संक्रियाओं से प्रभावित क्षेत्र का समग्र विकास।	(एक) फाउन्डेशन के न्यासियों द्वारा उक्त प्रयोजन हेतु तैयार की गयी वार्षिक कार्य योजना के अनुसार जिलें में खनन संक्रियाओं से प्रभावित क्षेत्र का समग्र विकास।
(दो) सामाजिक और आर्थिक प्रयोजनों के लिये स्थानीय अवसंरचना का सृजन ।	(दो) सामाजिक और आर्थिक प्रयोजनों के लिये स्थानीय अवसंरचना का सृजन।
